एक नजर में

मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया

पीलूखेड़ी 27 जून, सं. प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मोहर्रम का त्यौहार मनाया गया. सभी ने अखाड़े के साथ गमी मनाई. दूर से आए अखाड़े के कलाकार के द्वारा अखाडों का आयोजन किया. जिनका स्वागत मोहर्रम कमेटी से आरिफ खान, मुन्ना खान, अंसार खान, जहीर खान, फहीम खान, असलम खान, निसार खान, शब्बीर खान आदि अखाड़े के उस्तादों का साफा और फूलों से स्वागत किया. कुरावर टीआई जितेंद्र सिंह गुर्जर का स्वागत मोहर्रम कमेटी के द्वारा किया गया. इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रेम किशोर मीणा, जिला पंचायत सदस्य कुरावर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष खुर्शीद मेव, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, कुरावर नगर अध्यक्ष प्रकाश दला पूर्व सरपंच भगवान सिंह चौहान विंध्याचल मैनेजर वीरेंद्र चौहान भोपाल जिलेटिन लाइजिंगऑफिसर मुंशी भगत शाहिद पत्रकार पूर्व जिला अध्यक्ष आदि का स्वागत सपा बांधकर किया. इसके बाद मोहर्रम को पार्वती नदी में ठंडा किया गया.

हर्षोल्लास के साथ मनाया राज्याभिषेक दिवस

पड़ाना 27 जून, सं. शनिवार समीप मऊ में प्रभात फेरी के पश्चात खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस एवं हिंदू स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर मंदिर पुजारी गुरु चरण दास जी महाराज सहित सज्जन सिंह राजपूत द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन एवं उनके शौर्य पर प्रकाश डाला गया. वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, स्वाभिमान और एकता को बनाए रखने का आह्वान किया. कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन और मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में भागीदारी की. इस दौरान राम सिंह राजपूत, मेहताब सेठ, कैलाश सिंह राजपूत, चंदर सिंह सेठ, सज्जन सिंह राजपूत, मुकेश राजपूत,अमर सिंह ठाकुर, घनश्याम भिलाला एवं प्रेम सिंह राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. साथ ही कृष्णाबाई, संपत बाई, रुक्मणी बाई, नर्मदा बाई, कलाबाई, सुगनबाई, यशोदाबाई सहित अनेक माताओं-बहनों ने भी इस आयोजन को सफल बनाया. कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और राष्ट्र व समाज की उन्नति की कामना की.

कृषि आदान विक्रेता संघ की बैठक सम्पन्न

पचोर 27 जून, सं. कृषि आदान विक्रेता संगठन नगर की वार्षिक साधारण सभा श्री राम होटल पर रखी गई. जिसमें की आगामी सीजन के बारे में सभी व्यापारियों भाइयों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई. आगामी वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष संतोष पाटीदार की अध्यक्षता में संरक्षक मंडल के पूर्व सदस्य इंदर सिंह सिंह चावड़ा और जगदीश पुष्पद की सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई. जिसमें सर्व सम्मति से चौथी बार पुन:अध्यक्ष पद पर प्रहलाद सिंह रुहेला, उपाध्यक्ष शैलेंद्र गोस्वामी, सचिव जितेंद्र जायसवाल, सह सचिव महेंद्र सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष दीवान राजपूत, सह कोषाध्यक्ष पवन पुष्पद को नवीन दायित्व सौंपा गया. वहीं संरक्षक मंडल में विकास गांधी, हार्दिक गांधी, रमेश राजपूत, जगदीश पुष्पद संरक्षक बनाए गए. इस मौके पर मुकेश मकवाना, भगवान सिंह राजपूत, रामजी यादव, दरियाव सिंह रुहेला शामिल रहे.

अंतत : लंबे इंतजार के बाद झूमकर बरसे बदरा

तेज हवा आंधी के साथ एक घंटे जोरदार बारिश हुई, कई जगह आकाशीय बिजली गिरी

शहर की सड़कें पानी से भर गईं लोगों को भीषण गर्मी तथा उमस से राहत मिली

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जून, का. आखिरकार लंबे इंतजार के बाद शनिवार दोपहर बाद तेज हवा आंधी के साथ करीब एक घंटे तक जोरदार बारिश हुई. दोपहर के समय छाए बदरा इस बार बरसकर गए. हालांकि एक घंटे की बारिश के बाद भी उमस कम नहीं हुई लेकिन लोगों ने राहत की सांस ली. ब्यावरा में शनिवार को प्री-मानसून की झमाझम बारिश हुई.

एक घंटे से अधिक समय तक हुई तेज बारिश से शहर और आसपास के क्षेत्र पूरी तरह भीग गए. इससे शहर की सड़कें पानी से भर गईं और लोगों को भीषण गर्मी तथा उमस से राहत मिली. किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई, क्योंकि वे लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे.

इस बारिश ने किसानों की उम्मीदों को नई दिशा दी है. क्षेत्र में खरीफ सीजन में मुख्य रूप से सोयाबीन, मूंग, उड़द, मक्का और ज्वार की खेती होती है. पर्याप्त नमी न होने के कारण किसान अब तक बोवनी शुरू नहीं कर पाए थे. शनिवार की बारिश से खेतों में आवश्यक नमी आ गई है, जिससे अब बोवनी शुरू होने की संभावना बढ़ गई है.



तापमान ने राहत दी, उमस बरकरार

इधर तापमान भी कम रहा. बारिश रुकने के बाद उमस से परेशान किया लेकिन तापमान ने राहत दी. दिन में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो बारिश के बाद घटकर 33 डिग्री सेल्सियस पर आ गया. तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट से पूरे क्षेत्र का मौसम खुशनुमा हो गया. शाम को लोग घरों से बाहर निकलकर ठंडी हवाओं और सुहाने मौसम का आनंद लेते हुए दिखाई दिए .मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि क्षेत्र में यह प्री-मानसून की बारिश है. उन्होंने संभावना जताई कि आगामी 30 जून के बाद मानसूनी बारिश का दौर पूरी तरह शुरू हो जाएगा. फिलहाल मानसून इंदौर के आसपास अटका हुआ है. अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने के आसार हैं.

पहली बरसात में बायपास की कलई खुली

पचोर शहर में भी शनिवार को अच्छी बारिश दर्ज की गई. यहां बारिश के बाद शहर के बीच से गुजरने वाले बायपास मार्ग पर पानी भर गया. बीते वर्ष भी यहां तेज बारिश में निकासी के अभाव में घुटनों तक पानी भर गया था जिससे आवागमन बाधित हुआ था. वहीं इस बार पहली और महज आधे घंटे की बरसात में यहां जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई. ऐसे में पूरे वर्षाकाल में यहां क्या स्थिति निर्मित होगी समझा जा सकता है.





अच्छा काम करने वाले शिक्षक होंगे प्रोत्साहित

राजगढ़ 27 जून, का. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने तथा जनशिक्षा केंद्र समन्वयकों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शक के रूप में विकसित करने पर विशेष बल दिया. उन्होंने कक्षा शिक्षण की उत्कृष्ट गतिविधियों के वीडियो तैयार कर साझा करने के निर्देश भी दिए, ताकि नवाचारों का व्यापक स्तर पर प्रसार हो सके. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जनशिक्षा केंद्र समन्वयकों, विकासखंड स्रोत समन्वयकों तथा जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन भ्रमण शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाएं. इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी. प्रत्येक माह प्रगति विवरण के आधार पर समीक्षा कर कमजोर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. साथ ही अप्रैल माह में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भ्रमण नहीं करने वाले अधिकारियों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त करने के भी निर्देश दिए गए. बैठक में निर्णय लिया गया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम से संबंधित समस्त रणनीति जुलाई माह के भीतर तैयार की जाएगी. आगामी समीक्षा बैठक में सभी विकासखंड स्रोत समन्वयक अपने-अपने विकासखंड की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे.



हिंदू साम्राज्य दिवस पर शोभायात्रा निकाली

छत्रपति वीर शिवाजी महाराज और भारत माता की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जून, का. हिंदू साम्राज्य दिवस के अवसर पर शनिवार को सकल हिंदू समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई. इस यात्रा में छत्रपति वीर शिवाजी महाराज और भारत माता की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं.

शोभायात्रा में कई सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों, युवाओं और स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय वैष्णो देवी मंदिर परिसर से हुआ. यह यात्रा एबी रोड, चिंताहरण हनुमान मंदिर, शहीद कॉलोनी, बुनियादी स्कूल, सुठालिया रोड, मैन मार्केट और पीपल चौराहा जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरी. यात्रा का समापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में हुआ.

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय भवानी-जय शिवाजी और भारत माता की जय के जयघोष लगाए. विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरे मार्ग में धार्मिक और राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना रहा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती के प्रांतीय सह सचिव चंद्रकांत त्रिपाठी ने कहा कि छत्रपति वीर शिवाजी महाराज ने हिंदू समाज की सुरक्षा, स्वाभिमान और राष्ट्रधर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की थी.

इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूली छात्र और नगरवासी उपस्थित रहे. पूरे आयोजन में अनुशासन, उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला.



पॉलिटेक्निक में प्रवेश

राजगढ़ 27 जून, का. शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में आईटीआई एवं 12वीं (पीसीएम) उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा के दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश (लेटरल एंट्री) के लिए पंजीयन शुरू हो गया है. इच्छुक अभ्यर्थी 26 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल और मैकेनिकल में प्रवेश दिए जाएंगे.

बारिश में गौवंश की फजीहत : कंटेनर ने सांड को टक्कर मारी

ब्यावरा 27 जून, का. राष्ट्रीय राजमार्ग पर अरनिया जोड़ के पास शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे एक कंटेनर की टक्कर से सांड गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन लेकर फरार हो गया. सांड सड़क किनारे तड़पता रहा, लेकिन करीब तीन घंटे तक उसे बचाने के लिए कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा. इसके बाद ग्रामीणों ने सांड का प्राथमिक किया गया. किसी भी जिम्मेदार के नहीं पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने शाम करीब 5 बजे हाईवे पर जाम लगा दिया. करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा. ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पार कर रहे सांड को तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला.

सूचना देने के बावजूद लंबे समय तक न तो संबंधित विभाग का अमला पहुंचा और न ही घायल पशु को उपचार के लिए ले जाने की व्यवस्था की गई. इससे आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और हाईवे जाम कर जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी जताई. सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. इसके बाद पुलिस, ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से शाम करीब 7 बजे घायल सांड को लोडिंग वाहन में चढ़ाकर उपचार के लिए वैष्णो देवी गोशाला भेजा गया. इसके बाद जाम समाप्त हुआ और हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका. अरनिया जोड़ पर ग्रामीणों का आरोप- हाईवे पर बेसहारा गोवंश की सुरक्षा के इंतजाम नहीं है अरनिया जोड़ पर घायल सांड को उठाने का प्रयास पहले ग्रामीणों ने किया.

मोहर्रम का जुलूस निकाला, लोगों ने दिखाया सौहार्द

पड़ाना 27 जून, सं. शनिवार को मऊ पडाना मगराना में 7 मोहर्रम का जुलूस पारंपरिक रीति-रिवाज और श्रद्धा के साथ निकाला गया. मुहर्रम त्यौहार के चलते पडाना नगर के इमाम चौक से शुरू हुआ यह जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा.

अंसारी मोहल्ला, मंसूरी मोहल्ला, आवास कॉलोनी, बुनकर कॉलोनी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. जुलूस बड़े गणेश मंदिर, सदर बाजार और मंसूरी मस्जिद होते हुए मगराना चौराहा पहुंचा. वहां से जुलूस मगराना रोड स्थित कर्बला मैदान पहुंचा, जहां परंपरागत धार्मिक रस्में अदा की गईं. इस मौके पर मगराना चौराहा पर स्थानीय नागरिकों ने जुलूस में शामिल लोगों का फूल-मालाओं और साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया.

इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच जनपद सदस्य उपसरपंच सहीत आशिर अंसारी, सोहेल मंसूरी, जुबेर मंसूरी, इम्तियाज, इलियास भाई, कासम खां, बशीर भाई, बाबू भाई, मजीद खां और चौकी प्रभारी भंवरलाल भूरिया का विशेष रूप से स्वागत किया गया. इसके साथ ही वीडियो गली में स्थित इमाम चौक पर बुढ़ाना पंचायत के तत्वावधान में गोकुल प्रसाद दुगरिया, सोनू, मंसूरी, यशवंत सिंह माली, हल्का पटवारी आत्माराम वर्मा और ओम परमार हाजी सत्तर सेठ हाजी अब्बास भाई आमीन मंसूरी लकी आशीर भाई अंसारी भादर ट्रेलर रुस्तम भाई हकीम भाई मुंशी खा वारिस भाई मोहम्मद खा बाबू खा सहित अनेक ग्रामीणों का भी सम्मान किया गया. इस दौरान दोनों समुदायों के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द देखने को मिला.कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहा.





खिलचीपुर में मदीना की तर्ज पर बनाया ताजिया

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 27 जून, सं. नगर में शनिवार को अंजुमन अहले इस्लाम कमेटी के तत्वावधान में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया. इसमें नगर की 8 पंचायतों के ताजिए शामिल थे. मक्का-मदीना की तर्ज पर बना एक ताजिया विशेष आकर्षण का केंद्र रहा. जुलूस में बैंड पर कव्वालियों और अखाड़ों के करतबों ने दर्शकों का ध्यान खींचा. राजगढ़ सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग जुलूस देखने पहुंचे, क्योंकि खिलचीपुर में मोहर्रम का जुलूस एक दिन बाद निकालने की परंपरा है. सुबह करीब 11 बजे पठान, लीलगर, मंसूरी, नियारगर, अंसारी, कुरैशी, अजमेरी और शाह पंचायतों के ताजिए मुख्य बाजार पहुंचे. हुसैनी अखाड़ा, शाही हैदरी अखाड़ा, हैदरी अखाड़ा और इस्लामी हैदरी अखाड़ा के युवाओं ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ विभिन्न करतब दिखाए. बैंड पर कव्वाली गायकों की प्रस्तुतियों ने जुलूस में उत्साह भर दिया.

जुलूस पैलेस रोड, सर्राफा बाजार और सुभाष चौक से गुजरा. दोपहर लगभग 4 बजे यह तोपखाना गेट पहुंचा. इसके बाद मातमी धुनों के साथ सभी ताजियों को भोजपुर नाका स्थित गाड़ गंगा नदी ले जाया गया, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार शाम 7 बजे बाद उन्हें ठंडा किया जाएगा.

जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया. एसडीओपी धर्मवीर नागर और थाना प्रभारी कमल सिंह गहलोत सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी पूरे जुलूस मार्ग पर तैनात रहे. प्रशासन की कड़ी निगरानी में यह पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ.

पर्व जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक युद्धक कलाओं एवं हैरतअंगेज़ करतबों का प्रदर्शन किया

अकीदत और अमन के साथ मनाया गया मोहर्रम का पर्व

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 27 जून, का. नगर में मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, अकीदत और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया. मुहर्रम माह की 10 वीं तारीख़ (यौमे आशूरा) पर इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु और कर्बला के शहीदों की याद में नगर के विभिन्न इमामबाड़ों से ताजियों के जुलूस निकाले गए.

जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों ने पारंपरिक युद्धक कलाओं एवं हैरतअंगेज़ करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक मार्गों पर मौजूद रही. या हुसैन की सदाओं और मातमी माहौल के बीच ताजिए निर्धारित मार्गों से गुज़रते हुए अपने गंतव्य तक पहुँचे. पूरे आयोजन के दौरान भाईचारे, अनुशासन और सौहार्द का वातावरण बना रहा.



अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा के सदर इक़बाल हुसैन ने बताया कि इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु ने सत्य और इंसाफ़ के मार्ग पर चलते हुए अपनी जान की कुर्बानी देना स्वीकार किया, लेकिन असत्य और अन्याय के सामने समझौता नहीं किया. उन्होंने कहा कि कर्बला का पैग़ाम हर दौर में इंसानियत, सत्य, न्याय और उसूलों पर डटे रहने की प्रेरणा देता है.

उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ. पुलिस प्रशासन, नगरपालिका परिषद तथा विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्य सराहनीय रहे. अंजुमन की ओर से सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

इस अवसर पर मोहम्मद अली, कल्लू भाई मंसूरी, इफ्तेखारउद्दीन भैया भाई, सैयद वकार अली, राजा भाई ठेकेदार, हाजी रईस खान,युनुस अहमद, आमीन अंसारी, अनवर हुसैन भय्यू, समीर खान,अन्नू गौरी, मुनव्वर बाबा, साकिब हुसैन शानू, आफताब हुसैन, राजू भाई, हलीम खान,अमजदउल्ला खान,रियाज अहमद,फारूख खान,नवाब खान,जावेद खान, रिजवान अंसारी, कालू पठान,वारिस खान शाहरुख खान, गुड्डू भाई ठेकेदार,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं अकीदतमंद उपस्थित रहे.

